भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3196
उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2026
28 फाल्गुन, 1947 (शक)

राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

3196# श्री नीरज डांगी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (आरकेपीपी) योजना शुरू करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) आरकेपीपी योजना के प्रारम्भ से लेकर अब तक इससे जुड़े निगमों और स्वैच्छिक संगठनों की संख्या कितनी है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत युवा लाभार्थियों/पुरस्कार विजेताओं का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार और खेल विधा-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (आरकेपीपी) का उद्देश्य देश में खेल संवर्धन और विकास में कॉर्पोरेट इकाई (सार्वजनिक / निजी), गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए स्कीम का उद्देश्य खेल संवर्धन और विकास के लिए ऐसी संस्थाओं द्वारा किए गए अंशदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना है और इसने खेल विकास के निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक या अधिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है:

(क) उभरते / युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण
(ख) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन
(ग) खिलाड़ियों को रोजगार पर रखना और खेल कल्याण उपायों का कार्यान्वयन

(घ)व्यापक सामाजिक विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देना

(ख) और (ग): राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (आरकेपीपी) की शुरुआत 2009 में की गई थी और 2009 से राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (आरकेपीपी) विजेताओं की सूची मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/ पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। यह पुरस्कार किसी भी व्यक्तिगत खिलाड़ी को नहीं दिया जाता है; यह विशेष रूप से गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) सहित कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए है, जिन्होंने देश में खेलों के प्रचार और विकास में योगदान दिया है।

*****